फा.सं.ए–12011/1/2023–वि.आ.
विधि एवं न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
भारत का विधि आयोग

द्वितीय एवं चतुर्थ तल–बी–विंग, लोक नायक भवन,
खान मार्किट, नई दिल्ली–11003.
दिनांक 21/06/2023

रिक्ति–परिपत्र

भारत का विधि आयोग, विधि कार्य विभाग, विधि एवं न्याय मंत्रालय में पीबी–1, रू. 5200–20200 1900 – ग्रेड वेतन (पूर्व संशोधित), पे.लेवल–2 (1900–63200) संशोधित में स्टाफ कार चालक (साधारण ग्रेड) (अनारक्षित) के एक पद को सीधी भर्ती द्वारा भरा जाना है। पद के लिए अपेक्षित आयु सीमा, अर्हताएं, अनुभव नीचे दिए गए हैं : –

आयु:	21 और 30 वर्ष के बीच, जो सरकारी सेवकों के लिए 35 वर्ष की आयु तक (केंद्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों या अरनुदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के मामले में 40 वर्ष तक) शिथिलनीय हैं । टिप्पणी 1: आयु सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन–पत्र प्राप्त करने की अतिम तारीख होगी (न कि असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल एवं स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पांगी उप प्रभाग, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप, जम्मू और काश्मीर एवं लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित की गई अंतिम तारीख) । टिप्पणी 2: रोजगार कार्यालय के माध्यम से भर्ती के मामले में आयु सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तारीख तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया है ।
शैक्षिक अर्हताएं:	**अनिवार्य:** (क) मोटर कार/हलका वाहन का चलाने का वैद्य ड्राईविंग लाईसेंस, (ख) मोटर वाहन यांत्रिकी का ज्ञान और मोटरकार चलाने का कम से कम पांच वर्ष का अनुभव । **वांछनीय:** आठवीं कक्षा उत्तीर्ण ।

2. अनुरोध है कि इच्छुक और उपरिलिखित अर्हताएं और अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी संलग्न निर्धारित प्रपत्र (उपाबंध–1) में अपने आवेदन–पत्र 'रोजगार समाचार' (एम्पलायमेंट

न्यूज) में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 45 दिनों (टिप्पणी 1 में वार्णित राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के अभ्यर्थियों के लिए 52 दिनों) के भीतर अनुभाग अधिकारी, भारत का विधि आयोग, द्वितीय तल–बी–विंग, लोक नायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली–110003 को भेज दें । आवेदन रखे जाने वाले लिफाफे पर 'स्टाफ कार चालक' (साधारण ग्रेड) के लिए प्रार्थना पत्र लिखा होना चाहिए ।

3. ड्राईविंग लाईसेंस, जन्म प्रमाण पत्र तथा अनुभव प्रमाण पत्र की स्वयं सत्यापति प्रति आवेदन क साथ संलग्न किया जाए । यदि अभ्यर्थी किसी मंत्रालय विभाग या संगठन में नियुक्त है, तो वह अपना आवेदन–पत्र अपने नियोक्ता के माध्यम से भेजें ।

राजा

(राजा कार)
उपसचिव, भारत सरकार
दूरभाष : 011–24654939

<u>उपाबंध–1</u>

स्टाफ कार चालक (साधारण ग्रेड) के पद पर सीधी भर्ती के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप

1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में) :
(जैसा कि आपके प्रमाण–पत्र है)
2. पिता का नाम :
3. माता का नाम :
4. जन्मतिथि :
5. राष्ट्रीयता :
6. प्रवर्ग
(अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / सामान्य में से किस प्रवर्ग के है)
7. क्या आयु सीमा में छूट चाहते हैं :
8. शैक्षिक अर्हताएं
(क) अनिवार्य :
(ख) वांछनीय :
9. अनुभव :
10. वर्तमान नौकरी का विवरण :
(जहां अभी कार्य कर रहे हैं)
11. स्थायी पता :
:
:
12. पत्र व्यवहार का पता :
13. मोबाईल नं. (यदि हो, तो)

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन–पत्र में दिए गए सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार यथातथ्य, पूर्ण और सत्य हैं । मैं जानता हूं कि कोई जानकारी छिपाने / गलत या असत्य पाए जाने या परीक्षा के उपरांत कोई अपात्रता पाए जाने पर पद के लिए मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति रद्द की जा सकती है ।

तारीख : अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
स्थान : (बिना हस्ताक्षर वाले आवेदन–पत्र को रद्द कर दिया जाएगा)